पाठ - 1
ऊँट चला

झटपट कविता पढ़ कर मजा लो

Q1. ....कुछ ऊँट ऊँचा कुछ पूँछ ऊँची कुछ ऊँचे ऊँट की पीठ ऊँची अब जल्दी-जल्दी बोल कर देखो। जीभ लड़ खड़ा गई न! कैसी लगी कविता? अब इस कविता को अपने मन से नाम दो। ऊपर दी गई जगह में लिख भी दो।

उत्तर : यह कविता हमें अच्छी लगी। इस कविता का नाम 'ऊँचा ऊँट पूँछ ऊँची' होना चाहिए।

रेगिस्तान

Q1. ऊँट रेगिस्तान में ज़्यादा मिलते हैं। नीचे दो चित्र बने हैं। सही जगह पर ऊँट का चित्र बनाओ।

उत्तर :

Q2. बालू या रेत कहाँ-कहाँ पर मिलती है।

उत्तर : बालू या रेत समुद्र किनारे, रेगिस्तान में पर्याप्त होती है.

कितना

Q1. हिलता डुलता ऊँट चला इतना ऊँचा ऊँट चला अब बताओ?

- ऊँट कितना ऊँचा?

तुम्हारी कक्षा की दीवार	हाथी जितना	बिजली के खंभे जितना	.... जितना

- हाथी कितना मोटा?

तुम्हारी माँ के संदूक जितना	ऊँट जितना	पहाड़ जितना	.... जितना

- चींटी कितनी छोटी?

चीनी के दाने जितनी	चावल के दाने जितनी	इलायची के दाने जितनी	.... जितनी

उत्तर : 1. ऊँट मेरी कक्षा की दीवार जितना ऊँचा होता है।

2. हाथी माँ के संदूक जितना मोटा होता है।

3. चींटी चीनी के दाने जितनी छोटी होती है।

कुछ ऊँचा कुछ नीचा

Q1. (क) ऊँट से ऊँची चीज़ों के नाम पर गोला लगाओ।

• बछिया • तुम्हारी कक्षा की छत • बिजली का खंभा • हाथी • आम का पेड़

(ख) ऊँट के नीचे से क्या-क्या निकल सकता है?

(ग) किन-किन चीज़ों की मदद से ऊँट पर चढ़ोगे?

उत्तर : (क) बिजली का खंभा, हाथी तथा आम का पेड़।

(ख) एक छोटा बच्चा, एक बछिया, एक भेड़ या बकरी, कुत्ता और सभी छोटी चीज़ें।

(ग) सीढ़ी, बड़े डिब्बे आदि।

सफर का सामान

Q1. ऊँची गर्दन, ऊँची पीठ, पीठ उठाए ऊँट चला बताओ, ये सब क्या उठाकर चलेंगे।

हाथी	....	....	....
टीचर जी	....	....	....
पिताजी	....	....	....
शेर	....	....	....
दादा जी	....	....	....

उत्तर :

हाथी	लकड़ी	सवारी	सामान
टीचर जी	बेंत	किताब	कॉपियाँ
पिताजी	बैग	मुझे	सामान
शेर	शिकार	शावक	–
दादा जी	छड़ी	पोते-पोती को	सामान

अलग अलग घर

Q1. नीचे कुछ शब्द लिखे हैं। इन्हें बोलकर देखो। अब मिलते-जुलते शब्दों को सही खानों में लिखो। जूट, सूट, भला, धँस, हँस, तब, कब, गला, आलू, चालू

ऊँट	बालू	फँस	चला	जब
......जूट......	....	....	....	....
....	....	....	....	....
....	....	....	....	....

उत्तर :

ऊँट	बालू	फँस	चला	जब
जूट सूट	आलू चालू	धँस हँस	भला गला	कब तब

अक्षर की बात

Q1. कविता में ब से शुरू होने वाले शब्द कौन-कौन से हैं? उनके नीचे रेखा खींचो।

उत्तर : बालू, बोझ, बैठेगा, बता

Q2. तुम्हारा नाम किस अक्षर से शुरू होता है? उस अक्षर से चार शब्द और लिखो।

उत्तर : मेरा नाम कृष्णा है और यह क से शुरू होता है (i) कमल (ii) कोयल (iii) काजल (iv) कंगन

बोझा

Q1. बालू है तो होने दो बोझ ऊँट को ढोने दो

(i) बहुत से जानवरों को बोझा ढोने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। क्या तुम्हें यह ठीक लगता है? क्यों?

(ii) तुम्हारे आसपास कौन-कौन बोझ उठाते हैं?

उत्तर : (i) जानवरों से बोझा ढोने का काम करवाना हमें ठीक नहीं लगता। मनुष्य कभी यह नहीं सोचता है कि उसके कारण जानवरों को कितनी परेशानी उठानी पड़ती है। हमें चाहिए कि जानवरों से इस प्रकार के काम न करवाएँ। उन्हें भी हमारी तरह जीने के अधिकार दिए जाएँ।

(ii) गाय, बैल, गधा, खच्चर, घोड़ा, भैंसा इत्यादि हमारे यहाँ बोझ उठाते हैं।

कविता बढ़ाओ

Q1. अक्की बक्की करें तरक्की ....

उत्तर : अक्की बक्की करें तरक्की इक्की दुक्की बनें पढ़क्की

कितने ऊँट

Q1. इस कविता में कुल कितनी बार ऊँट शब्द आया है? बिना देखे बताओ। .... बार

उत्तर : तेरह बार

Q2. नीचे चित्र में कितने ऊँट छिपे हैं? ध्यान से देखकर बताओ।



उत्तर : स्वयं करे